नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी संसाधनों का उपयोग कैसे करें विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा 18 सितंबर 2023 को ''नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी संसाधनों का उपयोग कैसे करें'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ० पूनम मोर के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ज्ञान प्राप्ति के लिए बच्चों को सशक्त व प्रोत्साहित करना है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता जिला नोडल ऑफिसर लाइब्रेरी व राजकीय महिला महाविद्यालय जींद से सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष श्री महिपाल खटकड़ जी ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी से भारत में एक नए युग की शुरुआत हो गई है। कोई भी विद्यार्थी किसी भी समय और कहीं से भी डिजिटल लाइब्रेरी का उपयोग कर सकता है। यह पहल ''पढ़े भारत, बढ़े भारत'' के संदर्भ में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर पुस्तकाध्यक्षा डॉक्टर पिंकी ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी में पाठ्य पुस्तक, ऑडियो, वीडियो, उपन्यास, व्याख्यान व अन्य सभी प्रकार की शिक्षण सामग्री उपलब्ध होती है और यह संग्रह में शामिल सामग्री को व्यवस्थित करने, सर्च करने व प्राप्त करने के साधन भी प्रदान करती है। इस कार्यशाला में डॉक्टर नीलम रानी, डॉक्टर प्रियंका साहनी, श्रीमती क्रान्ति, डॉक्टर रचना दलाल, श्रीमती मीना, कुमारी सुरभि मौजूद रही। श्रीमती सोनिया व कान्ता का योगदान भी प्रशंसनीय रहा।





पुस्तकालय विभाग द्वारा 'नैशनल डिजीटल लाइब्रेरी संसाधनों का उपयोग कैसे करें' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जींद, 18 सितम्बर (मित्तल): हिंदू कन्या महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा 'नैशनल डिजीटल लाइब्रेरी संसाधनों का उपयोग कैसे करें' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूनम मोर द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ज्ञान प्राप्ति के लिए बच्चों को सशक्त व प्रोत्साहित करना है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता जिला नोडल ऑफिसर लाइब्रेरी व राजकीय महिला महाविद्यालय जींद से सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष महिपाल खटकड़ ने बताया कि डिजीटल लाइब्रेरी से भारत में एक नए युग की शुरूआत हो गई है। कोई भी विद्यार्थी किसी भी समय और कहीं से भी डिजीटल लाइब्रेरी का उपयोग कर सकता है। यह पहल 'पढ़े भारत, बढ़े भारत' के संदर्भ में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस अवसर पर पुस्तकाध्यक्षा डॉ. पिंकी ने बताया कि डिजीटल लाइब्रेरी में पाठ्य पुस्तक, ऑडियो, वीडियो, उपन्यास, व्याख्यान व अन्य सभी प्रकार की शिक्षण सामग्री उपलब्ध होती है और यह संग्रह में शामिल कन्टैंट को व्यवस्थित करने, सर्च करने व प्राप्त करने के साधन भी प्रदान करती है।

इस कार्यशाला में डॉ. नीलम रानी, डॉ. प्रियंका साहनी, क्रान्ति, डॉ. रचना दलाल, मीना, कुमारी सुरभि मौजूद रहीं। सोनिया व कान्ता का योगदान भी प्रशंसनीय रहा।

हिंदू कन्या महाविद्यालय में कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता। (मित्तल)